लापरवाही | लाखों रुपए खर्च कर प्रतीक्षालय रूम तो बना दिया गया, लेकिन न बैठने की व्यवस्था न पानी की

# नए भवन में भी हर तरफ नजर आ रहा कबाड़




**नवभारत, धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया का सबसे महत्वपूर्ण कार्यालय कार्मिक विभाग जहां पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों काआना-जाना होता है क्योंकि कर्मचारियों के अधिकांश काम इसी कार्यालय से होकर आगे बढ़ता है यही कारण है कि यहां पर आने वाले लोगों के लिए सुविधा बढ़े जिसे देखते हुए लाखों रुपए खर्च करके प्रतीक्षालय रूम का निर्माण कराया गया लेकिन आज अगर देखा जाए तो निर्माण होने के बाद भी जो सुविधा प्रतीक्षालय रूम का लोगों को मिलना चाहिए वह मिलता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

एरिया कार्मिक विभाग कार्यालय के बगल में बनाए गए प्रतीक्षालय रूम कहने को तो बनकर तैयार है लेकिन जो सुविधाएं लोगों को यहां पर मिलनी चाहिए वह अभी भी नहीं मिल रही है यहां पर ना तो लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है ना पानी की व्यवस्था है और पूरे प्रतीक्षालय रूम में कबाड़ भरा हुआ नजर आ सकता है एरिया कार्मिक विभाग इस नए भवन में सुविधा बढ़ाने की जगह इसे अनदेखा कर रही है जो कहीं ना कहीं अब कई सवाल खड़े कर रही है आज अगर देखा जाए तो सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी अपने विभिन्न कामों को लेकर एरिया कार्मिक विभाग कार्यालय आते हैं पूर्व में यहां पर जगह कम होने के कारण उन्हें काफी परेशानी होती थी और यही कारण था कि इसे देखते हुए एक प्रतीक्षालय रूम का निर्माण कराया गया ताकि जो भी सेवानिवृत कर्मचारी हो या फिर कोयला खदानों से आने वाले कर्मचारी जो अपने काम के लिए आते हैं उन्हें परेशान ना होना पड़े इसलिए इस प्रतीक्षालय रूम को बनाया गया ताकि वहां पर वह आराम से बैठ सके और उन्हें परेशान ना होना पड़े लेकिन समस्या जैसे कल थी समस्या आज भी वैसे ही देखने को मिल रही है प्रतीक्षालय रूम में पुराने कूलर सहित अन्य कबाड़ के सामान रखे हुए देखे जा सकते हैं जिन्हें अभी तक हटाया नहीं गया इतना ही नहीं ना तो यहां पर कुर्सी टेबल रखी गई है और ना ही पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है ऐसे में अगर किसी को प्यास भी लगे तो उन्हें बाहर जाना पड़ता है सवाल उठता है कि आखिर इस दिशा में जिम्मेदार ध्यान कब देंगे?

# मृत्युंजय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बढ़ाया परिवार और नगर का मान

▶ नन्हे कदमों में बड़ी उड़ान

**नवभारत, धनपुरी।** यह सत्य ही कहा गया है कि 'पूत के पांव पालने में ही नजर आ जाते हैं।' इसी कहावत को साकार करते हुए नन्हे छात्र मृत्युंजय शर्मा ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे नगर को गौरवान्वित किया है। बचपन प्ले स्कूल, बुढ़ार के छात्र मृत्युंजय शर्मा ने कक्षा यूकेजी में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में तृतीय स्थान अर्जित किया है।

मृत्युंजय शर्मा, पिता संतोष शर्मा और माता प्रीति शर्मा के सुपुत्र हैं। वे धनपुरी के वरिष्ठ पत्रकार सनत कुमार शर्मा के नाती हैं। परिवार में शिक्षा, संस्कार और अनुशासन की समृद्ध परंपरा रही है, जिसका प्रभाव इस नन्हे प्रतिभाशाली बालक के व्यक्तित्व और उपलब्धियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कम उम्र में ही इतनी उत्कृष्ट सफलता यह दर्शाती है कि मृत्युंजय के भीतर एक उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा चुकी है। बचपन प्ले स्कूल, बुढ़ार के शिक्षकों ने भी मृत्युंजय की इस



उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे विद्यालय का गौरव बताया। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि बच्चों में प्रारंभिक अवस्था से ही सही मार्गदर्शन और प्रेरणा मिल जाए, तो वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मृत्युंजय की यह सफलता उसी का जीवंत उदाहरण है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि संपूर्ण धनपुरी नगर में प्रसन्नता का वातावरण है। परिवार के सभी सदस्यों—दादा-दादी, माता-पिता और अन्य परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे आशीर्वाद और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। दादा सनत कुमार शर्मा ने इसे परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि यह सफलता केवल अंक नहीं, बल्कि संस्कार, परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। धनपुरी नगर के प्रबुद्धजनों और गणमान्य नागरिकों ने भी मृत्युंजय की इस उपलब्धि की सराहना की है। वरिष्ठ पत्रकार ऋतुपर्ण दबे, पंडित विनोद शर्मा, सदन लाल कपूर, ब्रजवासी अग्रवाल, शमीम खान, सुभाष गुप्ता, बबलू जायसवाल, अनिल जायसवाल, राजू अग्रवाल, प्रदीप शर्मा (भोलू) तथा अतीक खान (बाबा) सहित अनेक लोगों ने उसे शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मृत्युंजय की यह सफलता न केवल उसके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि यदि बाल्यकाल में ही बच्चों को सही दिशा, उचित संस्कार और प्रेरणा मिले, तो वे छोटी उम्र में ही बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। निस्संदेह, नन्हे मृत्युंजय शर्मा ने अपने छोटे-छोटे कदमों से एक बड़ी उड़ान की शुरुआत कर दी है, और आने वाले समय में वे अपने परिवार, समाज और देश का नाम और अधिक ऊंचा करेंगे—ऐसी सभी को आशा और विश्वास है।

# धड़ल्ले से हो रहा मादक पदार्थ का कारोबार

**नवभारत, धनपुरी।** बीते एक दशक से धन की नगरी धनपुरी नसीली दवाओं गांजा, नसीले इंजेक्शन, का गढ़ बन चुकी है जिसमे पुरुष वर्ग के साथ महिलाये भी बराबरी की भागीदार हैं नगर मे मादक प्रदार्थ का कारोबार धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है जिसमे युवाओ का एक बड़ा तबका फंस कर अपने भविष्य को गर्त की ओर ले जा रहा है समय समय पर स्थानीय पुलिस द्वारा भी अवैध नशा विक्रताओ के खिलाफ कार्रवाही भी की जाती है लेकिन वो भी महज खानापूर्ति तक ही सीमित रह जाती है और फिर नशे के सौदागर अपने साम्राज्य को खड़ा कर




पुलिस प्रशासन को चुनौती देते नजर आने लगते हैं पूर्व मे पदस्थ थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला ने नशे के सौदागरो पर कार्यवाही कर जेल की यात्रा करवा पूरे नशे के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया था लेकिन उनके स्थानत्ररण के बाद अब पुनः नशा तस्कर अपने साम्राज्य को स्थापित कर पुलिस को चुनौती देते नजर अ रहें हैं नगर मे इस समय नशे के मुख्य किरदार मे संग्राम सिंह दफाई की चर्चित गांजा तस्कर चच्ची, बघईया पुल के पास स्थिति राजा लंगड़ा, विलियस न. एक का विजय, युवाओं की रगो मे नशे का जहर घोल रहें हैं लेकिन सबसे दिलचस्प पहलु यह है की जब इन नशे के सौदागरो की नगर की जनता भली भाति जानती है तो स्थानीय पुलिस इन अवैध गतिविधियों से कैसे अनजान है अब छेत्र की जनता को नशे के खिलाफ पुलिस कार्रवाही का इंतजार है।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

**नवभारत, बुढ़ार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन में बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आमजन से जुड़े मुद्दों को लेकर आज31 मार्च को घरेलू गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों, गैस सिलेंडर की कमी, बिजली दरों में हो रही वृद्धि, तथा डीजल एवं पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता न होने जैसी जन समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर तहसील बुढार में महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ समस्त कांग्रेस जन भारी संख्या



में उपस्थित होकर आवाज बुलंद की।

इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुबारकमास्टर नपा धनपुरी उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल बुढ़ार नपा उपाध्यक्ष शेखर चौधरी भानु दीक्षित पूर्व नपा उपाध्यक्ष संतोष सिंह सेंगर मो आज़ाद इबरार ख़ान आनंद मोहन जायसवाल नौशेरमा ख़ान, अशोक सिंह, लीला राम जगवानी, नीलम सिंह नगर अध्यक्ष धनपुरी, मो साबिर नगर अध्यक्ष बुढ़ार, हर्ष पाठक, मनोज जैन, आदिवासी नेता विमल सिंह सुजाता बैरागी नेहा ख़ान जूही बैरागी अदना ख़ान, रतन सोनी, बिहारी लाल साहू, दिलीप सोनी, अनिल जयसवाल, महबूब ख़ान, निजाम ख़ान, जुल्फ़कार अलबाब, अभिशेख अग्रवाल, रियाज़ रवि शर्मा, ओंकार सिंह, निक्की, राहुल, पनिका, बंटी, महतो, विनय रजक, आरिफ , अफ़रीदी, चन्नी चौधरी, संतोष सिंह, राहुल कोल ,कृष्णा प्रजापति, विराट पनिका सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# एसईसीएल में पदस्थ मुख्य कार्मिक प्रबंधक बलराम हेंब्रम का बैकुंठपुर एरिया में हुआ स्थानांतरण

**नवभारत, धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया में पदस्थ मुख्य कार्मिक प्रबंधक बलराम हेमब्रम का बिलासपुर मुख्यालय के द्वारा बैकुंठपुर एरिया के लिए स्थानांतरण किया गया है आज शाम मुख्यालय के द्वारा कार्मिक प्रबंधकों के स्थानांतरण सूची जारी की गई है जिसमें इनका भी नाम शामिल है जबकि उनके स्थान पर बैकुंठपुर एरिया में ही पदस्थ गौरव दुबे को सुहागपुर एरिया का नया मुख्य कार्मिक प्रबंधक बनाया गया है। पिछले कुछ दिनों से बात की चर्चा हो रही थी की मार्च महीने के समाप्त होने के बाद एरिया मुख्यालय से बड़ी संख्या में स्थानांतरण सूची जारी हो सकती है लेकिन मार्च के अंतिम महीने में कार्मिक विभाग को लेकर स्थानांतरण सूची जारी की गई और इस बात की भी चर्चा है कि आने



वाले दिनों में कार्मिक विभाग से और भी अधिकारियों के स्थानांतरण किए जा सकते हैं। ज्ञात हो विश्रामपुर एरिया से 22 सितंबर को स्थानांतरण होकर बलराम हेंब्रम ने सोहागपुर एरिया के मुख्य कार्मिक प्रबंधक का कारभार संभाला था और लगभग 3 साल से भी अधिक समय तक वह यहां पर पदस्थ रहे दूसरी तरफ अगर देखा जाए तो उन्होंने अपने कार्यकाल में हमेशा व्यवस्थाओं को बेहतर करने की दिशा में अपना प्रयास करते रहें वैसे अक्सर काम न होने पर श्रम संगठन की नाराजगी भी कार्मिक विभाग कार्यालय में देखने को मिलती थी।

# कुंए में मिला तेंदुआ के बच्चे का शव

▶ पंचनामा बनाकर किया गया अंतिम संस्कार

**नवभारत, गोहपारू।** वन परिक्षेत्र गोहपारू अंतर्गत ग्राम पैलवाह और सकरिया के बीच दिनांक 31 मार्च 2026 को एक निजी कुँआ में तेन्दुआ के बच्चा का शव मिला है जैसे वन विभाग की टीम को सूचना मिली सूचना मिलते ही डीएफ्ओ मैडम शहडोल एवं सीसीएफशहडोल और वन परिक्षेत्र के अधिकारी गोहपारू अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं कुआ मे जाकर देखे तो तेन्दुआ का बच्चा का शव तैरता हुआ मिला मौके पर वही ग्रामीण जनों के उपस्थिति में मौके पर पंचनामा तैयार कर तेंदुए के बच्चा का सव को कुएं से बाहर निकाल कर पीएम करवा कर शव का दाह संस्कार किया गया।वही जब इस संबंध में



डिप्टी नितिन खटिक से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि एक तेंदूआ के बच्चा का कुआ मे तैरता में मिला है मौके पर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम करा कर दाह संस्कार किया गया है ग्रामीणों का कहना है कि शव लगभग आज 4 दिन पुराना है वही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सरपंच पटवारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित होकर सहयोग प्रदान कर और वन विभाग की टीम मामले की जांच की जा रही है।

# नगर पालिका धनपुरी में छह एल्डरमैन की नियुक्ति की गई

**नवभारत, धनपुरी।** प्रदेश शासन के द्वारा नगर पालिका धनपुरी में छह एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है नगर पालिका धनपुरी के चुनाव हुए 4 साल होने को है और अब यह नियुक्ति जो की गई है उसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भी खुशी देखने को मिल रही है पिछले कुछ दिनों से इस बात की चर्चा हो रही थी कि जल्द ही एल्डरमैन की नियुक्ति नगर पालिका धनपुरी में राज्य शासन के द्वारा की जा सकती है और विगत दिनों यह नियुक्ति कर दी गई। नगर पालिका धनपुरी में नियुक्त किए गए एल्डरमैन में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सोनी भाजपा की युवा नेता गौरव तिवारी महिला मोर्चा भाजपा की नेत्री जनक दुलारी केवट भाजपा नेता केशभान मांझी घासीराम सूर्यवंशी श्रीमती धीरू सिंह परिहार के नाम शामिल है। नियुक्ति होने के बाद नवनियुक्त एल्डरमैन हेमंत सोनी ने कहा कि उन्हें जो यह जिम्मेदारी दी गई है उसे निभाने में वह हमेशा आगे रहेंगे और उनका प्रयास होगा कि नागरिकों की बात वह नगर पालिका की बैठकों में रखें ताकि जो समस्याएं हैं उनका समाधान हो सके । ज्ञात हो नगर पालिका धनपुरी में एल्डरमैन के पद को लेकर कई नाम की चर्चा पूर्व में भी सुनी जा रही थी लेकिन इस नियुक्ति में दो महिलाएं एवं चार पुरुष शामिल किए गए और एक तरह से अगर देखा जाए तो भाजपा के वरिष्ठ के साथ-साथ युवाओं को भी मौका दिया गया है।

चुनाव | भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा का निर्वाचन संपन्न

# नई कार्यकारिणी के गठन की तैयारी तेज



**नवभारत, शहडोल।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा के आगामी सत्र 2026-27 के लिए बहुप्रतीक्षित निर्वाचन प्रक्रिया रविवार, 29 मार्च 2026 को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र तिवारी की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। बैठक की शुरुआत स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें रविन्द्र गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए परिषद की गतिविधियों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। निर्वाचन के परिणामस्वरूप मनीष चंद्र गुप्ता को अध्यक्ष, नीति सिंघल को सचिव तथा अशोक मोर को कोषाध्यक्ष के महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से होने पर बैठक में उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया और नव-निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान शाखा के उपाध्यक्षोंकृप्रकाश गुप्ता, नीति सिंघल, मनीष, अशोक मोर एवं श्रृजा गुप्ता ने अपने-अपने प्रकल्पों के अंतर्गत विगत वर्ष में किए गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से परिषद द्वारा समाजहित में किए गए विविध कार्यों की जानकारी साझा की गई, जिसकी उपस्थित सदस्यों ने सराहना की।

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र तिवारी ने निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को मार्गदर्शन दिया और संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिषद के माध्यम से सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान परिषद के सक्रिय सदस्य सचिन गुप्ता को नगर पालिका परिषद में एल्डरमैन नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बैठक के अंत में सचिव विजय दुबे द्वारा आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। साथ ही नव-निर्वाचित पदाधिकारियों से शीघ्र ही शाखा की पूर्ण कार्यकारिणी घोषित करने का आग्रह किया गया, ताकि आगामी सत्र की गतिविधियों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा सके।कार्यक्रम में परिषद के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन की एकजुटता और सक्रियता को मजबूती प्रदान की।बैठक में अशोक सराफ दीपक गौतम, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद सोनी, अखिलेश शर्मा विजय जैन, गौरव मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, रविकांत द्विवेदी, रवि नेमा, सुशील सिंघल, ममता नेमा, पूजा सोनी, डॉ, ओपी चौधरी, राकेश खरे, अजय शर्मा, अनिल तिवारी (अनूपपुर) आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन एस एस जौहरी ने किया।

# बंगवार भूमिगत खदान में एक दिन में 5300 टन कोयला उत्पादन कर बनाया नया रिकॉर्ड

▶ महाप्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी बधाई

नवभारत, धनपुरी ( न्यूज़) 1 दिन का समय शेष बचा हुआ है और अगर देखा जाए तो सभी कोयला खदानों में अपने-अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है और यही कारण है कि कोयला उत्पादन को लेकर नए-नए कीर्तिमान भी इस वर्ष देखने को मिल रहे हैं 29 मार्च को सोहागपुर एरिया की बंगवार भूमिगत खदान ने 1 दिन में 5300 टन कोयला उत्पादन करके एक नए कीर्तिमान को बनाया और यही कारण है कि इस भूमिगत खदान की इस उपलब्धि पर एरिया महाप्रबंधक बीके जेना एवं महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव ने सभी



अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

बिलासपुर मुख्यालय के द्वारा इस भूमिगत खदान को साढे 6 लाख टन का वार्षिक उत्पादन लक्ष्य दिया गया है और अब तक अगर देखा जाए तो वह अपने लक्ष्य के बिल्कुल करीब है और ऐसी उम्मीद है कि एक दिन पहले ही वह अपने वार्षिक लक्ष्य को पूरा करने में सफल भी हो जाएगी दूसरी तरफ एक दिन में 5300 टन का कोयला उत्पादन प्रबंधन की कुशल रणनीति का एक बड़ा हिस्सा कहा जा सकता है यहां पर वर्तमान समय में अगर देखा जाए तो एक ही सीएम मशीन से कोयला उत्पादन किया जा रहा है यही कारण है कि इसे एक बड़ी उपलब्धि में भी देखा जा रहा है वैसे पिछले 2 वर्ष पहले खैरहा भूमिगत खदान ने भी 5500 टन के आसपास एक दिन में उत्पादन करके कीर्तिमान स्थापित किया था और 2 साल बाद यह दूसरा अवसर है जब यह उपलब्धि देखने को मिली एरिया महाप्रबंधक बीके जेना ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि कोयला उत्पादन को लेकर सभी के बेहतर प्रयास से ही यह उपलब्धि मिली है और उन्हें विश्वास है कि समय के साथ वह अपना वार्षिक उत्पादन लक्ष्य भी पूरा कर लेगी ।